ॐ जय जोतराम हरे बाबा जोतराम आरती लिरिक्स

ॐ जय जोतराम हरे,
देवा जय जोतराम हरे,
दीन दुखी का दुखड़ा,
पल में बाबा दूर करे। ॐ जय...Ibd।

परमार्थ करने का,
मन में दृढ़ निश्चय करे,
भभूता सिद्ध गुरु जी,
आशा पूरी करे। ॐ जय...Ibd।

काया त्याग कर निर्देह होकर,
जन पर उपकार करे,
जो ध्यावे फल पावे,
पूरी मुराद करे। ॐ जय...Ibd।

कहलाता कलयुग का देवता,
बाँझो की गोद भरे,
देता भभूती की पुड़िया,
विपदा दूर करे। ॐ जय...Ibd।

साचो का है संगाती,
पूर्ण काज करे,
कपटी जन से हरदम,
रहता परे परे। ॐ जय...Ibd।

सेवा पूजा जोतराम जी की,
जो नित नेम करे,
व्यापे नहीं कोई चिंता,
पुरे भण्डार भरे। ॐ जय...Ibd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जोतराम जी की आरती,
जो कोई भगत करे,
कहे जगदीश उसके,
बिगड़े काम बने। ॐ जय...Ibd।

ॐ जय जोतराम हरे,
देवा जय जोतराम हरे,
दीन दुखी का दुखड़ा,
पल में बाबा दूर करे। ॐ जय...Ibd।

लेखक – स्व. श्री जगदीश लाल सारस्वत जी।
प्रेषक – संजीव टोहाना।
9896578391

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com